राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने जारी किए आदेश

प्रो. अनिल शुक्ला महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त

जयपुर, 29 अक्टूबर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने आज एक आदेश जारी कर महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में प्रो. अनिल कुमार शुक्ला को कुलपति पद पर नियुक्त किया है। श्री मिश्र ने राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्ति प्रदान की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने श्री शुक्ला को यह नियुक्ति कुलपति कार्यभार ग्रहण करने से तीन वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, जो भी पहले हो, के लिए प्रदान की है।

———

राज्यपाल की जवान श्री दयाराम गुर्जर की शहादत पर शोक संवेदना

जयपुर,। 29 अक्टूबर । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अलवर जिले के बानसूर निवासी जवान श्री दयाराम गुर्जर की श्रीगंगानगर के राजियासर क्षेत्र में सैन्य अभ्यास के दौरान शहादत पर नमन करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने ईश्वर से शहीद की पुण्यात्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को उनके बिछोह का दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

———